महत्वपूर्ण

संख्याः 6801 / 23(12)–दो / 2013

प्रेषक,

महानिदेशक
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

सेवा में,

अपर निदेशक,
माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा,
गढ़वाल मण्डल।

आकस्मिक निरीक्षण

दिनांक 27 नवम्बर, 2013

विषय – **दिनांक 21 अक्टूबर, 2013 को किये गये आकस्मिक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों व शासकीय कार्य पर गये शिक्षकों के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्यक्त विषयक महानिदेशालय के निम्नलिखित पार्श्वांकित पत्रों का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर, 2013 को विद्यालयों में किये गये आकस्मिक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों व शासकीय कार्य पर गये शिक्षकों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु आपके द्वारा निर्धारित समय के उपरान्त भी सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई।

पत्र संख्या / 4826–43 / 23(12)–दो / 2013 दिनांक 22 अक्टूबर, 2013
पत्र संख्या / 4903–12 / 23(12)–दो / 2013 दिनांक 24 अक्टूबर, 2013
पत्र संख्या / 5083–5147 / 23(12)–दो / 2013 दिनांक 06 नवम्बर, 2013

उक्त सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में आपसे दूरभाष पर दिनांक 26 नवम्बर, 2013 को दूरभाष पर वार्ता भी की गई, जिसमें आपके द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त सम्बन्धी पूर्ण सूचना सांय 5:00 बजे तक महानिदेशालय को उपलब्ध करा दी जायेगी। आपके द्वारा पत्र संख्या 6205–06 दिनांक 26–11–2013 द्वारा महानिदेशालय को केवल 06 प्राथमिक शिक्षकों की सूचना प्रेषित की गई है, जो निरीक्षण तिथि को बिना अवकाश के अनुपस्थित थे, जबकि पूर्व में आपके द्वारा 08 प्राथमिक शिक्षक बिना अवकाश के अनुपस्थित बताये गये थे। साथ ही माध्यमिक शिक्षकों व शासकीय कार्य पर गये शिक्षकों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिस पर महानिदेशक महोदया द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 21 अक्टूबर, 2013 को आकस्मिक निरीक्षण में गढ़वाल मण्डलान्तर्गत बिना अवकाश के अनुपस्थित पाये गये 21 शिक्षकों (08 बेसिक व 13 माध्यमिक) व शासकीय कार्य पर दिखाये गये 191 शिक्षकों (132 बेसिक व 59 माध्यमिक) का पूर्ण विवरण एवं की गई कार्यवाही से <u>**दो दिन के अन्दर**</u> महानिदेशालय को अनिवार्य रूप से फैक्स व ई–मेल के माध्यम से अवगत कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आप स्वंय उत्तरदायी होंगे।

भवदीय
27/11/13
(सीमा जौनसारी)
अपर निदेशक
महानिदेशालय
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड